आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की के. चेल्लम्माल को भी पद्म पुरस्कार मिला।
- नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन को समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है।
- अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना की टीम ने अंतरद्वीपीय आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है।
- द्वीपसमूह में मानसून से पहले कई स्थानों पर वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने प्रसिद्ध कलाकार डॉ. वैजयंतीमाला बाली और तेलुगु फिल्म अभिनेता कोनिडेला चिरंजीवी को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। एशिया में सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश एम फातिमा बीवी को मरणोपरांत पद्म भूषण प्रदान किया गया। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विन बालचंद मेहता और अनुभवी राजनीतिक नेता ओ. राजगोपाल को भी तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। अध्यात्मवाद के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए तोगदान रिनपोछे को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया। खिलाडी जोशना चिनप्पा, कृषि के क्षेत्र में के चेल्लाम्मल, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक सोम दत्त बट्टू और मूर्तिकार ए वेलु आनंद चारी को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह से के. चेल्लम्माल को उनके आठ एकड के एक ऑर्गेनिक फार्म को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने बगीचे में टीकाऊ और लाभदायक तरीके से विभिन्न मिश्रित फसलों को उगाने के लिए अंतर स्थानों का प्रभावी तरीके से उपयोग करके नारियल आधारित फसल प्रणाली को बनाए रखा है और इसलिए चेल्लम्माल 'नारियल अम्मा' के नाम से भी लोकप्रिय है।

बाद में आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में श्रीमती चेल्लम्माल ने पद्म पुरस्कार को द्वीपवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाना एक बहुत बडी उपलब्धि है इससे द्वीपसमूह जैसे दूर–दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति भी अपना आभार प्रकट किया। कल रात गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया था।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन को समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है। चेन्नई की राष्ट्रीय वहनीय तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी कई कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री श्री हरिनाम सेवा संघ राधा गोविन्द मंदिर, जोड़ा कनाल में वार्षिक भगवत कथा और महानम संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ आज से लेकर चौदह मई तक चौबीसों घंटे चलेगी। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों से श्रद्धालु इस यज्ञ में भाग लेंगे। सभी भक्तों से इस यज्ञ में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना की टीम ने अंतरद्वीपीय आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध पुलिस थाना के थाना प्रभारी गिरीश कुमार और उनकी टीम की ओर से पिछले महीने की छब्बीस, सत्ताईस तारीख की रात हैडो के मलाई बिजन में सुनियोजित तरीके से छापा मारा गया। इसमें टी. नवीन कुमार नामक इसी क्षेत्र में रहने वाले एक तेईस वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया और उसके पास से

इक्कतीस ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। कड़ी पूछताछ में नशे का कारोबार करने वाले नेटवर्क का पता लगाया गया। गिरफ्तार नवीन ने बताया कि नशीला पदार्थ प्राप्त करने में हटबे के संजीव मजूमदार नामक एक युवक का हाथ है। संजीव कुमार को गिरफ्तार करते समय सत्ताईस अप्रैल को ही इसके पास से अट्ठारह ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने कड़ी का पता लगाते हुए गाराचरमा के कालापानी संग्रहालय के पिछले क्षेत्र में रहने वाले तैंतीस वर्षीय ईश्वर राव को चार ग्राम से अधिक नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की समन्वित प्रयासों के चलते कुल मिलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने दो हजार चौबीस की आधुनिक खान–पान की आदतों के अनुरूप भारतीयों के लिए एक उन्नत 'आहार दिशा–निर्देश' जारी किया है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किए गए आधुनिक आहार दिशा–निर्देश विशेष रूप से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए लोगों को सलाह देते हैं। इस रिपोर्ट के माध्यम से नियमित रूप से व्यायाम करने, नमक का सेवन सीमित करने, उच्च वसा, चीनी, अति–प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को कम ग्रहण करने और पेट के मोटापे, अधिक वजन और समग्र मोटापे को रोकने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में सत्रह आहार दिशा–निर्देश हैं, जो स्वस्थ आहार पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वास्थ्य संवर्धन और रोगों की रोकथाम पर बल देते हैं। आई.सी.एम.आर. के महानिदेशक डॉक्टर राजीव बहल ने कहा कि ये ताजा आहार दिशा–निर्देश अब खाद्य सुरक्षा से निपटने, न्यूनतम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को चुनने, खाद्य लेबल के महत्व और शारीरिक गतिविधि पर व्यावहारिक संदेशों और सुझावों के साथ बदलते खाद्य परिदृश्य के लिए प्रासंगिक है।

<><><><><><><>

जलयान सिंधु आज रात्रि नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर होकर डिगलीपुर जाएगा और कल दिन में साढ़े दस बजे डिगलीपुर से मायाबंदर होते हुए पोर्ट ब्लेयर आएगा। एम वी कालीघाट कल रात्रि नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान जाएगा और बारह मई को सुबह आठ बजे इसकी वापसी होगी। तेरह मई को ये जलयान सुबह सात बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान के लिए छूटेगा और इसी दिन रात्रि नौ बजे इसकी वापसी होगी। जहाजरानी विभाग द्वारा डिगलीपुर, मायाबंदर, लिटिल अंडमान और दक्षिणी द्वीपों में जाने वाले जलयान के यात्रा

सम्बंधी जानकारी जारी की है। तेरह मई को निर्धारित फोर शॉर सेक्टर के जलयानों के लिए यात्री टिकट आम जनता आज खरीद सकती हैं। ई–टिकटिंग काउंटर और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकटों की खरीद हो सकती है।

<><><><><><><>

और अब मौसम

द्वीपसमूह में मानसून से पहले कई स्थानों पर वर्षा हो रही है। आज सुबह पोर्ट ब्लेयर और आसपास के क्षेत्रों में भी बादल गरजने के साथ वर्षा हुई। दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान के कुछ भागों में भी मौसमी वर्षा हो रही है। आज के लिए मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है। शनिवार और रविवार को द्वीपों के एकाध भागों में तेज हवाओं के साथ बादल गरजने या बिजली चमकने की संभावना है। आज का अधिकतम तापमान चौंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सत्ताईस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा कल राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करने और इस समारोह में द्वीपसमूह की जैविक कृषक के. चेल्लम्माल को भी पद्म श्री से सम्मानित करने के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। द डेली टेलीग्रम्स और द्वीप समाचार ने राष्ट्रपति के हाथों के. चेल्लम्माल द्वारा पद्म श्री ग्रहण करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किए है। इन अखबारों ने पुलिस और ज़िला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद् के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराए जाने के समाचार को –द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी में जगह मिली है। प्रथमोच्चार और आपदा तैयारियों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्न में जगह दी है। देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी, बिजली के साथ बारिश होने के आसार के समाचार को–इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है जबकि जोडा किलान क्षेत्र में आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है– अंडमान कोनिकल की खबर है।

<><><><><><><>